## ।। कार्यालय कमाण्डेण्ट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर ।।

क्रमांक :–अल.पीटीएस/प्रशि./2022/1782-83 23, अगस्त, 2022

प्रेषिती :–

**श्रीमान् महानिरीक्षक पुलिस,**
**जयपु रेंज, जयपुर।**

शाखा
महानिरीक्षक पुलिस
पी. एस. ओ.

विषय :– 02 सप्ताह (संशोधित पाठ्यक्रम) अवधि का रिफ्रेशर प्रशिक्षण बैच संख्या 33 (कानि./हैड कानि. स्तर) दिनांक 12.09.2022 से 27.09.2022 हेतु मनोनयन बाबत।

प्रशा. अधि./
दिनांक 23 AUG 2022

प्रसंग :– प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के संशोधित पाठ्यक्रम आदेशांक 14341 दिनांक 23.09.2021 की पालना में।

.......

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सादर निवेदन है कि प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के संशोधित पाठ्यक्रम आदेशांक 14341 दिनांक 23.09.2021 के निर्देश की पालना में रेंज के पुलिस कर्मियों (कानिस्टेबल/हैड कानिस्टेबल स्तर) के लिए 02 सप्ताह का रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम बैच संख्या 33 (दिनांक 12.09.2022 से 27.09.2022 तक) आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर द्वारा पूर्व में जारी आदेश संख्या 4623 दिनांक 16.09.2019 के तहत रिफ्रेशर प्रशिक्षण में वरिष्ठता के आधार पर पुलिस कर्मियो को भिजवाया जाना एवं प्रत्येक कानिस्टेबल/हैड कानिस्टेबल को 03 वर्ष में एक बार रिफ्रेशर कोर्स करवाया जाना प्रस्तावित है।

अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर ग्राम ठेकड़ा में आयोजित रिफ्रेशर प्रशिक्षण बैच संख्या 33 दिनांक 12.09.2022 से 27.09.2022 तक में जयपुर रेंज के अधीनस्थ जिलों से **(प्रत्येक से 20–20) कानिस्टेबल/हैडकानिस्टेबल कुल 120** का मनोनयन कर दिनांक 11.09.2022 की सायंकाल तक पूर्ण तैयारी के साथ संस्थान में उपस्थिति देने हेतु संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकगण को निर्देशित करने की कृपा करें।

सादर!

भवदीय

23/8/22

**(यशपाल त्रिपाठी)**
कमाण्डेण्ट
पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर

## ।। कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज, जयपुर ।।

क्रमांकः– 1234 दिनांकः–25-08-2022

प्रतिलिपिः–1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण, राजस्थान जयपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।

2. **समस्त पुलिस अधीक्षक, जयपुर रेंज, जयपुर** को निर्देशानुसार भेजकर निवेदन है कि उपरोक्त रिफ्रेशर कोर्स हेतु उपरोक्तानुसार 20–20 कानि0/हैड कानि0 स्तर के पुलिस कार्मिक गणो के नाम मनोनयन कर उन्हें नियत तिथि एवं समय पर निर्धारित स्थान पर उपस्थिति देने हेतु निर्देशित कर मनोनीत कार्मिको की सूची सीधे ही कमाण्डेन्ट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर को समय पर भिजवाते हुए, इस कार्यालय को अवगत कराने की कृपा करावें।

3. कमाण्डेन्ट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर को सूचनार्थ प्रेषित है।

**(लक्ष्मीकान्त शर्मा पु0नि0)**
नोडल ऑफीसर
कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस
जयपुर रेंज, जयपुर।